हरिभूमि **छिंदवाड़ा भूमि**

5

जबलपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

## बारात में जमकर नाचे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, पांढू पिपरिया सरपंच, झिरपा सचिव, मुत्तौर मोबिलाइजर का होगा सम्मेलन

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 508 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जनपद पंचायत चौरई द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन में 508 जोड़ो का विवाह समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ । विधायक चौधरी सुजीत सिंह , भाजपा पूर्व विधायक रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, एसडीएम प्रभात मिश्रा सीईओ तरुण राहंगडाले ने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ चौरई नगर स्थित कन्या शाला से बारात लेकर कार्यक्रम स्थल स्टेडियम ग्राउंड तक पहुंचे जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी उपाध्यक्ष शैलकुमारी वर्मा नपा अध्यक्ष पूर्णिमा जैन उपाध्यक्ष सिरपत नायक तहसीलदार प्रीति पटेल रूबी खान सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने बारातियों का भावपूर्ण स्वागत किया। जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के आगमन उपरांत अतिथियों ने भगवान गणेश पूजन के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया डा अंबेडकर जी की जयंती पर चित्र प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए आरंभ गणेश वंदना के साथ हुआ एसडीएम प्रभात मिश्रा सीईओ तरुण राहंगडाले व अन्य अधिकारियों ने सांसद भाजपा जिलाध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया । स्वागत भाषण जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी द्वारा दिया गया । अपने संबोधन में पूर्व विधायक श्री दुबे एवं विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब कल्याण के लिए संकल्प के साथ काम कर रही है यह आयोजन गरीब परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है सरकार योजना के माध्यम से परिवारों को भी जोड़ने का काम कर रही है जिलाध्यक्ष श्री यादव ने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से पालकों को बच्चों की शादी की चिंता नहीं होती सभी ओर सरकार का ध्यान है। सांसद श्री साहू ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुए कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाएं जनता के लिए है यह अनूठा आयोजन है जो गरीब कल्याण का संकल्प दर्शाता है विधायक श्री चौधरी ने भी आयोजन की तारीफ करते हुए सरकार का धन्यवाद दिया। सभी अतिथियों ने वर वधु का पुष्प वर्षा से स्वागत किया और बधाई देते हुए उन्हें सुखमय जीवन का आशीष दिया साथ ही वधु को शासन से मिलने वाली राशि का चेक प्रतीक के रूप में भेट किया गया। साथ ही सांसद जिलाध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रभारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि एस डी एम सहित अधिकारियों ने वर वधु के साथ भोजन किया। इस दौरान सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं भाजपा नेता व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कन्यादान योजना के तहत 507 जोड़े बंधेंगे परिणय बंधन में



**तामिया।** आज तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 56 ग्राम पंचायतो के 507 जोड़े मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह सामूहिक सम्मेलन योजना के तहत विवाह करेंगे। कार्यक्रम स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के सामने साप्ताहिक बाजार मैदान में विवाह सम्मेलन संपन्न होगा, जिसके लिए जनपद पंचायत के निर्देशन में ग्राम पंचायत तामिया ने सामूहिक विवाह की सारी तैयारियां पूरी कर ली है, साथ ही जनप्रतिनिधियो एवं गण मान्य नागरिकों को इस सम्मेलन में आमंत्रण के माध्यम से आमंत्रित किया गया है!इस तरह आज होने वाले इस सामूहिक सम्मेलन विवाह कार्यक्रम की खास बात यह रहैगी कि पांढू पिपरिया ग्राम पंचायत सरपंच, झिरपा ग्राम पंचायत सचिव, मुत्तौर ग्राम पंचायत मोबिलाइजर, इस कार्यक्रम में शामिल होकर विवाह बंधन में बंधकर विवाह करेंगे। शायद प्रदेश में पहला अवसर होगा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विवाह सम्मेलन में सरपंच सचिव मोबिलाइजर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में एक साथ शामिल होकर इस कार्यक्रम की अनिवार्यता एवं लोगों में इस योजना के तहत विवाह कर फिजूल खर्ची पर रोक लगाने का संदेश जैसा दिया है। निश्चित ही उनका इस विवाह सम्मेलन में शामिल होना मिसाल बनेगा और लोग आने वाले समय में उनसे प्रेरणा लेकर ऊंचे ओहदे पर बैठे कर्मचारी अधिकारी योजना को साकार करने में विवाह कर सहयोग करेंगे। ऐसा संदेश सरपंच सचिव मोबाइलजर के विवाह करने से निश्चित ही आम जन में संदेश जाएगा। और मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत तामिया में हो रहे सम्मेलन की यह शादियां मिसाल बनेगी।

## ठेकेदार ने मजदूरों को नहीं दिया पेमेंट

### मजदूर परेशान, पेमेंट पाने के लिए यहां वहां भटक रहे मजदूर

**दमुआ।** ठेकेदार रजनीश आलोक शर्मा जो कि नागपुर का रहने वाला है और ठेकेदारी का कार्य करता है जिसके पास राम सिंग नर्रे राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। जिसके पास रामसिंग नर्रे और उनके साथ चार अन्य राजमिस्त्री का भी काम किया करते थे और हेल्पर के रूप में चार मजदूर भी काम करते थे, जबकि राज मिस्त्री पांच और हेल्पर मजदूर साथ ही कर मिलकर नौ लोग ठेकेदार के पास मजदूरी का कार्य करते थे। मजदूरों के द्वारा लगभग 12 दिनों तक मजदूरी का काम किया गया है परंतु ठेकेदार रजनीश आलोक शर्मा के द्वारा मजदूरों को मजदूरी का पेमेंट अभी तक नहीं दिया गया है।

ग्रामीण मजदूरों के साथ जब पेमेंट के लिए ठेकेदार को फोन लगाया जाता है तो ठेकेदार फोन नहीं उठाता ना ठेकेदार सामने आ रहा है और न ही मिल रहा है। ऐसी स्थिति में बेचारे मजदूर सभी मजदूरी का पेमेंट पाने के लिए भटक रहे हैं, फिर भी उनकी सुनने वाला कोई समझ में नहीं आ रहा है लोगों ने मजदूरों को सलाह दी। जब मजदूरों के द्वारा ठेकेदार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा और पुलिस थाना सिंगोड़ी में शिकायत भी की गई है और मजदूरों ने मजदूरी की राशि दिलाने की गुहार लगाई जिसमें मजदूरों की कोई सुनवाई नहीं हुई। आज तक मजदूरों का पेमेंट नहीं हुआ है, ग्रामीण मजदूर परेशान हो रहे हैं। मजदूरों का कहना यह है कि अगर हमें न्याय नहीं मिलता है तो सभी मजदूर मुख्यमंत्री महोदय के पास शिकायत करने के लिए मजबूर है।

## भाजपा राममंदिर नगर मंडल तीन में मनाया गया डॉ अम्बेडकर का अवतरण दिवस

**छिंदवाड़ा।** आज संविधान निर्माता , भारतरत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर छिंदवाड़ा भाजपा नगर मंडल तीन के वार्ड क्रमांक 35 इमलीखेड़ा वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात वार्ड में मार्गो पर पदयात्रा निकल कर डॉ अम्बेडकर जी के नारे लगाए गए चौपाल लगा कर आम जन की बात सुनी गई। नगर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ,पूर्व उपाध्यक्ष पंकज पाटनी उपस्थिति में इमलीखेड़ा चौक पर डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की है,



मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित संविधान से देश में लोकतंत्र की जड़े मजबूत हुई है, और दलित ,आदिवासी , पिछड़े और शोषित वर्ग का सम्मान बढ़ा और समाज में बराबरी का दर्जा हासिल हुआ है। इस अवसर पर रामेश्वर ठाकरे,घनश्याम पाटिलकर, त्रिलोक राउत, रोहित माहोरे, योगेश साहू,नितिन राउत, निशांत दाडे मोहित बुनकर, साहू, सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रसोई योजना में गरीबों को परोसा जा रहा घटिया भोजन

**दमुआ।** कहने को तो खाने को तो गरीबों को 5 में भरपेट खाना खिलाया जाता है। बात तो सच है मगर क्या करें सरकार की जन कल्याण योजना का लोगों को सही लाभ नहीं पहुंच रहा है। सरकार की दीनदयाल रसोई योजना के तहत गरीबों को 5 में भरपेट खाना खिलाना है जबकि सरकार जनमानस गरीबों के लिए महत्वपूर्ण जन कल्याण करने के लिए लाखों करोड़ों रुपए की मदद राशि खर्च कर रही है। फिर भी गरीब परिवार के लोगों को फायदा नहीं मिल रहा है। दीनदयाल रसोई योजना के तहत गरीबों को 5 में प्रतिदिन खाना खिलाना है। दीनदयाल रसोई योजना का कार्य पहले ठेकेदारी के माध्यम से चला था और उसकी जिम्मेदारी पार्षद महोदय को दी गई थी और खाना भी बढ़िया स्वादिष्ट बनता था एवं गरीबों को अच्छे से पेट भर खाना खिलाया जाता था। मगर कुछ माह समय से दीनदयाल रसोई योजना का काम नगर पालिका एवं उनके कर्मचारियों द्वारा ही संचालित किया जा रहा है, जहां दीनदयाल रसोई केंद्र भवन में चल रही है। खास बात तो यह है कि दीनदयाल रसोई योजना में गरीबों को परोसने वाला खाना बिल्कुल घटिया किस्म का है। जैसे सब्जी पानी जैसी रोटी भी कोई कच्ची तो कोई पक्की लगभग चावल भी ऐसी ही स्थिति में खाने में कोई स्वाद नहीं यदि सरकार गरीबों को खाना खिलाने की बात कर रही है और दीनदयाल रसोई योजना के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रही है तो अच्छा स्वादिष्ट खाना खिलौने में क्या हर्ज सप्ताह में शनिवार के दिन चावल की खिचड़ी बनाते हैं पर गरीबों को 5 में परोसते हैं जबकि रविवार के दिन दीनदयाल रसोई केंद्र की छुट्टी रहती है मात्र 5-6 दिन दीनदयाल रसोई में गरीबों को खाना परोसा जाता है, वह भी घटिया किस्म का और दीनदयाल रसोई दमुआ के नाम पर भारी भरकम राशि आहरण की जाती होगी।

## आबकारी ने अवैध शराब के अड्डों से जप्त की 1500 किलो महुआ लाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में वृत्त परासिया के आबकारी अमले द्वारा वृत्त प्रभारी जीत सिंह धुर्वे के नेतृत्व में सर्वप्रथम ग्राम सनकुआ में झाड़ियों छुपाकर रखी गई प्लास्टिक की कुप्पियों में भरे हुए महुआ लाहन को खोलकर विधिवत नष्ट किया गया। पश्चात ग्राम पलटवाड़ा में नदी के अन्दर प्लास्टिक के बोरियो में भरकर रखे हुए महुआ लाहन को पानी से निकालकर विधिवत नष्ट किया गया तथा नदी मे ही चालू भट्टी से मदिरा बरामद करोठ भट्टी मदिरा बरामद किया गया साथ ही पलटवाड़ा में ही गंगा माई के पास नदी किनारे महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर शेष महुआ लहान को नष्ट किया गया। अंत में ग्राम पलटवाड़ा में ही एक घर की तलाशी के दौरान नीलेश कहार के ऊपर प्रकरण कायम किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में कुल 6 प्रकरण दर्ज कर 1500 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 20 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा कब्जे आबकारी ली गई। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक जीत सिंह धुर्वे,आबकारी आरक्षक ओम नारायण बम्हने, प्रियंका सरयाम, रवि शंकर कंगाली तथा थाना शिवपुरी से प्रधान आरक्षक कलेहा काकोड़िया तथा आरक्षक ललित भारतद्वाज उपस्थित रहे।

## डॉ. अंबेडकर की जयंती पर न्याय व्यवस्था में जजों के खिलाफ भी कठोर कानून की मांग

**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने सविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर , जिले के सांसद विवेक ( बंटी ) साहू और जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर न्यायधीशों पर भी दण्ड का कानून बने माँग की। ज्ञापन में बताया कि - न्याय सबके लिए सस्ता , सुगम और सरल हो यह सविधान में प्रदत्त है। आज भी मेरे जैसे लोग न्यायालय को न्याय मंदिर कहते हैं और न्यायाधीश को भगवान का दर्जा देते हैं । पर कुछ दिनों में ऐसे मामले प्रकाश में आये जिससे आम लोगों का विश्वास न्याय व्यवस्था के प्रति कम हो रहा है । सर्वप्रथम , इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश शुक्ला के पास आय से अधिक संपत्ति का मामला , इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यरत न्यायाधीश राम मनोहर मिश्रा की टिप्पणी , कि महिला के प्राइवेट पार्ट्स का छूना और उसके पजामे की डोरी खोलना बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता एवं दिल्ली हाइकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से लगभग 800 करोड़ रुपये के जले नोट मिलना ; यह सब घटनाक्रम लचर और भ्रष्ट न्याय व्यवस्था की पोल खोलता है । इसके पूर्व गुजरात के गृहमंत्री और देश के वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह पर भी जबरन मुकदमा दायर कर उनके राजनीतिक भविष्य से खिलवाड़ किये जाने का असफल प्रयास किया गया । ऐसे अनगिनत मामले हैं । सन 2012 में 14 नवंबर को सभी राजनीतिक दलों की सहमति से पॉक्सो एक्ट बनाया गया बाल उत्पीड़न को ध्यान में रखते हुए ; जिसमें आरोप सिध्द हो जाने पर अधिकतम 10 वर्षों की सजा का प्रावधान रखा गया । जिसके पहले शिकार बने सन 2013 में सनातन संस्कृति के रक्षक सन्त श्री आशारामजी बापू । जिनके खिलाफ कोई ठोस गवाह और सबूत थे ही नहीं । फिर आचनक 22 अप्रैल 2018 को प्रधानमंत्री के निवास पर एक बैठक आयोजित की गई ।

### विदाईः पत्रकारों से एएसपी अवधेश प्रताप सिंह ने की चर्चा

## संवादहीनता की स्थिति न बनने दें पुलिसकर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

तबादला एक प्रशासकीय प्रक्रिया है। जिसे टाला नहीं जा सकता। परंतु जिस स्थान से लगाव हो जाता है। निश्चित रूप से उस जगह को छोड़कर अन्यत्र जाने में तकलीफ तो होती है क्योंकि वे सभी साथी छूट जाते है जिनके साथ रहकर यादों का बड़ा पिटारा हम साथ लिए जाते है और ऐसे ही प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत जिले में पदस्थ एएसपी अवधेश प्रताप सिंह प्रमोशन पर बालाघाट पहुंचाए गए।

दो साल से अधिक समय तक छिंदवाड़ा में पदस्थ रहे श्री सिंह के लिए प्रेस क्लब के सदस्यों ने विदाई समारोह आयोजित किया। इस दौरान श्री सिंह ने छिंदवाड़ा से जुड़े अनुभव साझा किए । उन्होंने कहा कि मैंने अपने सेवाकाल में 27 वर्षों में 16 जिलों में काम किया है, लेकिन छिंदवाड़ा के जैसा जिला कहीं देखने को नहीं मिला, जितना सहयोग यहां के लोगों और मीडिया ने किया वो कहीं नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कई बार विषम परिस्थितियां आई, विधानसभा और लोकसभा चुनाव भी कराए, लेकिन इन हालात को भी बेहतर तरीके से संभाला जा सका, क्योंकि कभी हमने लगातार संवाद कायम रखा। मैं पुलिसकर्मियों को भी यही कहता हूं कि कभी संवादहीनता न होने दें। उन्होंने कहा कि भले ही मेरा तबादला हो गया है, लेकिन मैं यहां आते रहूंगा। एएसपी अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मेरे स्वजनों ने हमेशा सीख दी है कि जिस जिले में काम करो, उसे अपना ही मानकर काम करो, क्योंकि विषम परिस्थिति में स्थानीय लोग ही सबसे पहले मदद करेंगे । श्री सिंह ने कहा कि छिंदवाड़ा के लोग सकारात्मक सोच रखते हैं। मेरा जुड़ाव छिंदवाड़ा से हमेशा बना रहेगा। इस दौरान नवागत एएसपी आयुष गुप्ता, कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी, कुंडीपुरा थाना प्रभारी मनोज बघेल, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन पांडे, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष आरएस वर्मा, रत्नेश जैन, प्रेस क्लब सचिव गिरीश लालवानी, उपाध्यक्ष शक्ति, सहसचिव अफाक हुसैन, अजय द्विवेदी, सावन पाल, संतोष संगोतिया, राकेश प्रजापति, आशीष मिश्रा, तौसिफ मिस्कीनी, श्याम साहू, दिनेश बंदेवार, भोजराज रघुवंशी, महेश चांडक, गोपी ठाकुर और कोषाध्यक्ष पवन शर्मा समेत वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।



## डॉ अंबेडकर नवयुवक मंडल मनाया विश्वरत्न का जन्म दिवस

# जयभीम रैली में लगे महाबोधि विहार मुक्त करो के नारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया, एक दिन पूर्व रात्रि में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में रात्रि 12 बजे आतिशबाजी के बीच में भीम बुद्ध कव्वाली कार्यक्रम हुआ।

सुबह बुद्ध बिहार में विधायक विजय चौरे,सुनील भागे, व्यापारी संगठन सौसर मार्गदर्शक मुरलीधर कामले,दिलीप बागड़े, भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,मुकेश बागड़े,अंबेडकर नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज शेंडे, उज्ज्वल अवसरमोल,रितिक दुफारे,सूरज बंसोड़, अलकेश हनवते,सागर वाहने अक्षय बंसोड़,आदित्य दुफारे,आदि की उपस्थिति में सामूहिक बुद्ध वंदना त्रिशरण पंचशील लिया गया, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक की प्रतिमा ओर पटागन की तथागत भगवान बुद्ध की मूर्ति पर अनावरण एवं जयघोष किया गयादोपहर में मोटरसाइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए, शासकीय महाविद्यालय की डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं मरीजों को फल वितरण किया गया, इधर बाजार चौक में जयभीमे मित्र मंडल की ओर से भोजन वितरण किया गया, रात्रि में विशाल जयभीम रैली के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा मुक्त करो, मुक्त करो महाबोधि महाविहार मुक्त करो के नारों लगाए गए, इस दौरान जगह-जगह पर विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के द्वारा रैली के लिए पेयजल भजन आइसक्रीम शरबत आदि का वितरण किया गया, 15 अप्रैल को सोमवार को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह होंगा।

### भाजपा ने भी नगर ग्रामीण क्षेत्रों में किये कार्यक्रम

भाजपा के द्वारा वार्ड क्रमांक 13 बूथ क्रमांक 167 में बाबा साहब आबेड़कर की जन्म जयंती का समारोह जिला पंचायत सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड के मुख्य उपस्थिति मे किया गया। वार्ड के लोग भारी संख्या में मौजूद थे,सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, ने बताया कि भाजपा संगठन के द्वारा बड़े पैमाने पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में संविधान निर्माता का जन्म दिवस मनाया गया है,इस दौरान हरीश बत्रा इंद्रचन्द डागा, मोरेश्वर मसकोले इंदर सिंह नागेंद्र,वार्ड पार्षद रविशंकर धुर्वे कार्यक्रम बुथ प्रभारी अधिवक्ता दिनेश भकने, सूर्यकांत ढोके पप्पी सेलुकर नरेंद्र कुकड़े रामकृष्ण रावत युवराज बेडे बापू ठाकरे आदि थे।



# अंबेडकर जयंती पर निकली रैली, धूम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**परासिया :** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के द्वारा परासिया थाने के समीप स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । पूजा अर्चना की गई । भंडारा वितरण हुआ। सभाएं आयोजित कर बाबा साहेब के योगदान , विचारों और संविधान पर व्याख्यान हुए । सोमवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर विचार मंच , बौद्ध महासभा , संविधान सभा से जुड़े लोगों के द्वारा थाने के समीप अंबेडकर की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई । इसके बाद सभा आयोजित की गई । वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संविधान के बारे में कहा। जो लोग संविधान को बदलने , आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं उन पर निशाना साधा । अंबेडकर विचार मंच से जुड़े अधिवक्ता राकेश डेहरिया ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग बाबा साहेब के बनाए संविधान को बदलने की बात करते हैं , लेकिन ऐसा कतई संभव नहीं है। बाबा साहेब के ही बदौलत आदिवासी , दलित और अन्य पिछड़े लोगों की स्थिति में सुधार आया । सभा में परासिया विकास खंड स्वास्थ्य अधिकारी शशि अतुलकर , छिंदवाड़ा संविधान सभा के राजेन्द्र साहू एवं उनकी टीम , बौद्ध महासभा के प्रभारी श्री भावरकर , श्री पाटिल , पुनीत डेहरिया , प्रताप साहू , अशोक शेंडे , अशोक ठवरे , स्वप्निल डेहरिया , आतिश डेहरिया सहित बड़ी संख्या संख्या में डाक्टर भीम राव के अनुयायी मौजूद रहे । इस दौर मुस्लिम समुदाय के लोगों , व्यापारियों आदि के द्वारा मिष्ठान , फल आदि का वितरण किया गया ।

# बेहतर कल के लिए प्रकृति का सरंक्षण अति आवश्यक हैः दादा गुरु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

नगर के गणेश मठ में श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान बिछुआ के द्वारा विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। संत समागम में नर्मदा सेवक निराहारी संत श्री दादा गुरु भगवान के दिव्य दर्शन एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। श्री दादा गुरु का गणेश मठ में भव्य के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर गणेश मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने धर्म प्रेमियों को संस्थान के द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी। संत समागम को संबोधित करते हुए अवधूत सिद्ध महायोगी संत श्री दादा गुरु ने कहा कि प्रकृति का सरंक्षण ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के गणेश मठ द्वारा किए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छिंदवाड़ा जिले के निवासी सौभाग्य शाली जहां से 11 नदियां अविरल बह रहीं हैं, उन्होंने ने गौ माता के संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए बोले कि अब ग्राम और नगर के पहचान गौ माता की संख्या पर निर्भर होंगी। जिस गांव में गौ माता जितनी अधिक होंगी वह उतना ही अधिक समृद्धि शाली होंगा और विपदाओं से बचा रहेंगा। गणेश नाम मंत्र जाप बैंक की स्थापना पर हर्ष जताते हुए कहा कि किताब में श्री गणेशाय नमः का लेखन करके मन में जाप करें, भगवान गणपति आपको सुख, शांति और समृद्धि प्रदान देंगे, क्योंकि यह पुनित कार्य गणेश मठ के पावन सानिध्य में हो रहा हैं। साथ ही कहा की बेहतर कल के प्रकृति, धरती माता, नदियों का सरंक्षण का अति आवश्यक है। संत श्री के दिव्य दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित थे। इनकी रहीं उपस्थिति- संत समागम में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, पूर्व विधायक रमेश दुबे, विश्वनाथ ओक्टे, राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरू प्रो इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलसचिव युवराज पाटिल, वाकी शरीफ ट्रस्ट के प्रभाकर पाटिल डाहके, विठ्ठल पाटिल केदार, गणेश मंदिर समिति अध्यक्ष संजय चिंचोले, संत तुरियानंद महाराज, संतोष पारिक, रविन्द्र केदार समेत आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने माल्यार्पण और मिष्ठान वितरण कर मनाई आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव ने शहर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर चिकित्सालय प्रांगण में स्थापित डॉ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर उपस्थित भाजपा जनों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर पूर्णतः निष्ठा प्रकट की। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने बाबा साहब को युग पुरुष और कुशाग्र बुद्धि वाला बताया उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहब को भारत रत्न प्रदान करने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने बाबा साहब को गरीबों,शोषितों, पीड़ितों का मसीहा बताते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए योजनाओं को बाबा साहब से प्रेरित होकर सभी वर्गों को लाभ पहुंचने वाला बताया। मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी,पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा,राजेश श्रीवास्तव, मोनू जैन, पार्षद संजय जैन, प्रमिला पाल, अमित यादव, नीता कुरोलिया, प्रमोद बंदेवार, बूथ अध्यक्ष निखिल साहू,भूपेश चौरसिया, कपिल शुक्ला, परास बोनिया, ब्रजेश, दीपेश जैन,विशेष चौरसिया, पंकज श्रीवास्तव,शरद कुरोलिया, देवेंद्र टांडेकर,विजय पाल आदि मौजूद रहे।

### आमाझिरिया का जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण

**दमुआ ।** जन सहयोग से लांयस सेवा समिति दमुआ द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर आमाझिरिया मे जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य श्री हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व सम्पन्न हुआ जीर्णोद्धार में पीने के पानी आमाझिरियां की दीवार ठह गई थी- मंदिर चढ़ने की संपूर्ण सीड़ीयां खराब व टूट चुकी थी पुलिया के आगे पीछे फर्स नहीं था जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं का खतरा बना रहता है। ऊपर मंदिर के बाजू कमरे की दीवार ठह गई थी जिसका कभी भी स्लैप गिर सकता था , तथा उबड़-खाबड़ का



समतलीकरण किया गया इन सभी का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य समिति द्वारा जन सहयोग से किया गया गया। समिति के जनहित , परोपकार व धार्मिक कार्य को देखते हुए नगरवासियों के साथ साथ संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति आमाझिरिया तथा नगर पालिका परिषद दमुआ द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया । समिति ने समस्त सहयोगीयों का हार्दिक धन्यवाद वआभार प्रकट किया गया । यदि इसी प्रकार लायंस सेवा समिति को सहयोग मिलता रहा तो समिति और भी जनहित के कार्यों को करने के लिए संकल्पित है।

## खबर संक्षेप

### निवास में तहसील स्तरीय पेंशनर्स स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

**मण्डला।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला शाखा मण्डला की तहसील निवास में तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार परोंहा के जुझारू नेतृत्व में पेंशनर्स का स्नेह मिलन समारोह रसलगंज स्थित यज्ञ शाला परिसर में संरक्षक जगदीश तिवारी के मुख्य आतिथ्य, उपप्रांताध्यक्ष सहजिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली, चीफ एडवाईजर यशवंत डिके, महाराजपुर इकाई अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव व वरिष्ठ पेंशनर श्याम जयसवाल के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित किया गया। मंच का प्रभावी संचालन रविकुमार गौतम व तारेन्द्र शुक्ला के द्वारा किया गया। माँ सरस्वती व पवनसुत हनुमान का पूजन-अर्चन मंचासीन अतिथियों के द्वारा किया गया। तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार परोंहा ने अपने प्रतिवेदन के माध्यम से यह अवगत कराया कि उनके कार्यकाल में 94 पेंशनरों को आजीवन सदस्य बनाया गया तथा पेंशनरों के हितों के लिए किये जाने वाले आंदोलनों के लिये वे सतत तैयार रहते हैं। पेंशनर खोजन सिंह कुलस्ते ने बताया कि 30 जून को निवास से सेवा निवृत्त 4 पेंशनरों के प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा निराकृत किये गये किन्तु जनजातीय कल्याण विभाग की उदासीनता का यह परिणाम है कि 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी विभागीय आदेश जारी नहीं किये गये हैं। पेंशनर राजेन्द्र शुक्ला ने सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के स्वतों के निराकरण के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने हेतु मजबूर होना पड़ता है कि वेदना से अवगत कराया। प्रदीप श्रीवास्तव, यशवंत डिके व विनोद सुरेश्वर ने भी अपने उद्बोधन के माध्यम से पेंशनरों को संगठन के प्रति अटूट निष्ठा, समर्पण की उपादेयता से अवगत कराया गया।

## मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने किया नमन

# जिलेवासियों ने मनाई डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती

* अम्बेडकर जी की प्रतिमा के सामने हुआ आयोजन।







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने सोमवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय मंडला में स्थित डॉ. अम्बेडकर की स्मारक स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री शिवा रानू राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने सदैव समाज के कमजोर, पिछड़े एवं वंचित वर्गों के अधिकारों और उनके उत्थान के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव और असामनता जैसी कुरूतियों को समाप्त करने के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार हमें समानता, न्याय और बंधुत्व की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके पदचिन्हों में चलकर हम समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक समरसता, न्याय, भाईचारा, बंधुत्व और संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जो हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देती है। हमें डॉ. अम्बेडकर के मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए।

### बिछिया भाजपा ने शक्ति केन्द्रों पर आयोजित किए संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडला के जिलाध्यक्ष प्रफुल मिश्रा एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बिछिया नीरज भट्ट के नेतृत्व मे सोमवार को भाजपा मंडल बिछिया के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शक्ति केंद्र खटोला के बूथ क्रमांक 209 मे भाजपा के मंडल महामंत्री बिछिया नरेश सिंह राजपूत की उपस्थिति में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं तिलक बंधन कर पूजन किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित बूथ अध्यक्ष सुब्बे लाल मरावी, अमृतलाल मरावी, वार्ड मेंबर कृष्णा धुर्वे, राजा राम कुसरे, सुरजीत धुर्वे, प्रेम सिंह तेकाम, बिहारीलाल उईके , समारो बाई, धनिया बाई, लाल सिंह तेकाम, खन्ना मरावी, संतोष परतें आदि उपस्थित रहे।





# बालिका जन्म उत्सव मनाकर लाड़ली लक्ष्मी का स्वागत किया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला चिकित्सालय मण्डला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा बालिका जन्म उत्सव मनाकर लाड़ली लक्ष्मी का स्वागत किया गया। बालिका हेतु धात्री माता को बेबी किट बांटी गई एवं उपस्थित धात्री माताओं को स्तनपान का महत्व समझाया गया। बच्चों के लिये मां का पहला दूध अमृत होता है इसलिये जन्म के तुरंत बाद स्तनपान और 6 माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराने के बारे में जागरूक किया। इस प्रकार स्तनपान करवाकर ही प्रथम स्तर पर कुपोषण की रोकथाम की जा सकती है। साथ ही पोषण अभियान अंतर्गत धात्री माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राप्त टीएचआर (टेक होम राशन) के विभिन्न व्यंजनों को किस प्रकार बनाकर खाया जाये इसके बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्रशासक/पर्यवेक्षक द्वारा आस-पास से आये हुये लोगों को बाल विवाह रोकने हेतु समझाइश दी गई। बाल विवाह से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार 21 वर्ष कम आयु का लड़का और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह बाल विवाह माना जाता है जिसमें जेल एवं आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। इसके अलावा पॉक्सो एक्ट में कड़ी कार्यवाही भी की जाती है। इस प्रकार अधिनियम के तहत दोषी पाये जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति जो विवाह समारोह में शामिल होते हैं या सहयोग करते हैं। सभी के लिये उचित दण्ड का प्रावधान है, जिसमे माता-पिता के अलावा पुजारी, मौलवी, रिश्तेदार, बिचौलिये, केटरिंग, टेंट, नाई, ब्यूटी पार्लर, विवाह आयोजक, बैंड, प्रिंटिंग प्रेस वाले भी शामिल हो सकते हैं। बाल विवाह में पकड़े गये दोषियों को 2 वर्ष का कारावास एवं 1 लाख तक का जुर्माना या सजा दोनों हो सकता है।



## खबर संक्षेप



### सुनवारा पुल जून माह तक पूर्ण हो पायेगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में वैनगंगा नदी में आई बाढ़ त्रासदी के कारण तीन साल पहले सितंबर 2020 में ध्वस्त हुए सुनवारा पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ है जो । 195 मीटर लंबे व 10 मीटर ऊंचे पुल का निर्माण पर 822.70 लाख रुपये से लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम द्वारा खर्च किए जाएंगे। निर्माण एजेंसी राज लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी गुना को मई 2025 तक पुल का निर्माण पूरा करना है। इस पुल का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण होना बताया जा रहा है विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पुल जून माह तक पूर्ण हो जायेगा ।

### सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल (पिता हरिसिंह) के रूप में हुई है। घटना रात के समय अनकवाडा गांव के पास हुई। राहुल घंसौर से अपने घर अनकवाडा जा रहा था। गांव के समीप पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घुसी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# किसानों ने हंगामा के बाद महेन्द्रा वेयर हाऊस एवं राजपूत वेयर हाऊस का धर्मकांटे हुआ सील

## 60 से 70 किलोग्राम प्रति ट्राली धर्मकांटे में अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा था

**जिले के सिवनी विकासखंड अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समिति चांवड़ी के द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से महेन्द्रा वेयर हाऊस मोहगांव एवं राजपूत वेयर हाउस मोहगांव में गेहूं की खरीदी की जा रही है, खरीदी के दौरान वेयर हाऊस के कांटे में 60 से 70 किलोग्राम प्रति ट्राली धर्मकांटे में अतिरिक्त गेहूं लिये जाने की बात को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा और किसानों ने हंगामा कर दिया, प्रशासन को सूचना मिलने पर नापतौल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कांटे की जांच के उपरांत उसे सील कर जप्त कर लिया गया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उल्लेखनीय होगा कि समर्थन मूल्य पर मार्च माह के तीसरे सप्ताह से गेहूं का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में बनाये गये खरीदी केन्द्रों में सेवा सहकारी समिति, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से उपार्जन का कार्य किया जा रहा है।

अधिकांश स्थानों पर वेयर हाऊसों में ही खरीदी का कार्य कराया जा रहा है। सिवनी विकासखंड की सेवा सहकारी समिति चांवड़ी के द्वारा महेन्द्रा वेयर हाऊस मोहगांव एवं राजपूत वेयर हाऊस मोहगांव में गेहूं



उपार्जन का कार्य चल रहा है, जहां पर बीते 12 अप्रैल तक धर्मकांटा के माध्यम से किसानों की गेहूं का उपार्जन किया जा रहा था।

लेकिन इसी दौरान किसानों द्वारा गेहूं उपार्जन में दोनों वेयर हाऊस के संयुक्त धर्मकांटा में की जा रही तुलाई में सवाल उठाते हुए कहा गया कि 60 से 70 किलोग्राम प्रति ट्राली के हिसाब से अतिरिक्त गेहूं वेयर हाउस प्रबंधन के द्वारा लिया जा रहा है। प्रतिदिन दोनों वेयर हाऊस में लगभग 110 ट्राली गेहूं का उपार्जन हो रहा है।

अगर इस आंकड़े को देखा जाये तो बड़ी मात्रा में किसानों से अतिरिक्त गेहूं ली जा रही है। अतिरिक्त गेहूं तुलाई में लेने की बात को लेकर किसानों में आक्रोश तब बढ़ा जब किसान ने दूसरे धर्मकांटा से






### 50 रूपये तुलाई के नाम पर वसूले जाने की जानकारी लगने पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन लगाई फटकार



किसानों से अतिरिक्त गेहूं लिये जाने एवं प्रति ट्राली 50 रूपये तुलाई के नाम पर वसूले जाने की जानकारी लगने पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, भाजपा नेता बिठ्ठल सनोडिया मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्या को सुना। इस दौरान वेयर हाऊस के कर्मचारियों एवं प्रबंधक को भी जमकर फटकार लगाई गई और कहा गया कि जब आपको समितियों के द्वारा तुलाई एवं भराई की राशि दी जा रही है तो किसानों से 50 रूपये की वसूली क्यों की जा रही है। इस दौरान नापतौल अधिकारी से भी चर्चा की गई और वेयर हाऊस प्रबंधन को नियमानुसार खरीदी किये जाने की हिदायत दी गई।

ट्राली में भरा गेहूं तुलाकर लाने के बाद उपार्जन केन्द्र वेयर हाऊस के धर्मकांटा में अपनी ट्रेक्टर ट्राली की गेहूं तुलाई तो उसमें 60 से 70 किलोग्राम का अंतर पाया। इससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया और किसानों ने हंगामा कर दिया।

किसानों द्वारा इस दौरान ये भी आरोप लगाया गया कि महेन्द्रा वेयर हाऊस मोहगांव एवं राजपूत वेयर हाउस मोहगांव के संयुक्त धर्मकांटा में किसानों की गेहूं तुलाई के नाम पर प्रतिट्राली वेयर हाउस के धर्मकांटा में तैनात कर्मचारी द्वारा 50 रूपये की वसूली की जा रही है। जबकि शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शासन के द्वारा खरीदी का कार्य कर रही सेवा सहकारी समिति को तुलाई, भंडारण के लिए भुगतान किया जा रहा है और समितियों के द्वारा वेयर हाऊसों को तुलाई और भंडारण का किराया प्रदान किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी महेन्द्रा वेयर हाऊस मोहगांव एवं राजपूत वेयर हाऊस मोहगांव के

**इनका कहना-**

बीते 12 अप्रैल को शिकायत मिलने पर मोहगांव स्थित महेन्द्रा वेयर हाऊस एवं राजपूत वेयर हाऊस के संयुक्त धर्मकांटा की जांच की गई, तकनीकी कारणों से कांटे में कमी पायी गई, किसानों की आपत्ति के बाद कांटे को सील कर जप्त कर लिया गया है, जब तक मामला खत्म नहीं हो जाता तब तक कांटा बंद रहेंगा, छोटे कांटे से उपार्जन चालू रहेगा।
**अर्जुन पटेल, निरीक्षक,**
**नापतौल विभाग सिवनी**

धर्मकांटा में तैनात कर्मचारी द्वारा तुलाई के नाम पर अनैतिक रूप से वसूली की जा रही है जो नियम के विरूद्ध है।

किसानों द्वारा आगे बताया गया कि महेन्द्रा वेयर हाऊस मोहगांव एवं राजपूत वेयर हाऊस मोहगांव में गेहूं सै पल के नाम पर 5 से 6 किलोग्राम तक गेहूं ली जा रही है और उक्त गेहूं को बोरियों में भरकर वेयर हाऊस के कर्मचारी ले जा रहे है। इस तरह से ट्राली में तोल में 60 से 70 किलोग्राम अतिरिक्त गेहूं लिये जाने और सै पल के नाम से 5 किलोग्राम गेहूं लिये जाने सहित अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों के द्वारा हंगामा किया गया।

सूचना लगने पर प्रशासन द्वारा नापतौल विभाग के अधिकारी भी बीते 12 अप्रैल को मौके पर पहुंचे और महेन्द्रा वेयर हाऊस मोहगांव एवं राजपूत वेयर हाऊस मोहगांव के मध्य दोनों के संयुक्त वेयर हाऊस की जांच की जिसमें कमी मिलने के बाद कांटे को सील कर जप्त करने की कार्यवाही नाप तौल विभाग के निरीक्षक अर्जुन पटेल द्वारा की गई।

# लोक सेवा केन्द्र में चल रही मनमनी आवेदन को तुरंत नहीं मिल रही रसीद

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लोक सेवा केंद्र सिवनी में इन दिनों मनमानी चल रही है जिसके कारण शहरवासी ही नहीं वरन ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग भी बेहद परेशान हैं। यहां पर लोग आवेदन देने के लिए ल बी-ल बी लाइन में खड़े रहते हैं लेकिन उनसे आवेदन का शुल्क लेकर उन्हें रसीद दो-तीन दिन बाद आकर लेने को कहा जाता है। जब आवेदक रसीद लेने आते हैं तो उन्हें रसीद नहीं मिलती तो उन्हें इधर से उधर इस काउंटर से उस काउंटर में जाने को कहा जाता है । लोक सेवा केन्द्र की स्थिति बुरी तरह चरमरा गई है। लोगों को निर्धारित समय पर उनकी चाही गई जानकारी देने में भी लटकाया जा रहा है। पीड़ितजनों ने कलेक्टर का ध्यान लोक सेवा केन्द्र सिवनी की मनमानी की ओर आकर्षित कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

खैरापलारी के रहने वाले संदीप कुमार बंदेवार ने लोक सेवा केंद्र की मनमानी को लेकर कलेक्टर को शिकायत की है। संदीप ने बताया कि उनकी भू-अधिकार और ऋण पुस्तिका में उसे नाबालिग दर्शाया गया है। जबकि जन्मतिथि के अनुसार वह बालिग है। उसमें संसोधन कराने के लिए उसने लोक सेवा केंद्र में 25 फरवरी को आवेदन दिया था और उसके लिए 120 रूपए भी जमा किए थे। जिस पर लोकसेवा केन्द्र की खिड़की पर बैठे आपरेटर ने उनसे कहा कि वे रसीद तीन-चार दिन बाद ले लेना। उन्होंने बताया कि वे 29 फरवरी के बाद लगातार लोकसेवा केन्द्र सिवनी के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक कोई रसीद नहीं दी गई है। कम्प्यूटर आपरेटर ने बोला कि तुम्हारा नाम रजिस्टर में होगा उसे देख लो। मैंने रजिस्टर में भी देखा लेकिन मेरे नाम की रसीद नहीं मिली। मैं जब आपरेटर से बोला तो उन्होंने कहा कि क प्यूटर से निकाल कर तु हारी रसीद देता हूँ। एक-दो दिन बाद आकर ले जाना। लेकिन लगभगदो माह होने को आ गया मुझे अब तक कोई रसीद नहीं दी गई है। जिससे मेरा नाम अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं लोकसेवा केन्द्र में चल रही मनमानी की शिकायत करते हुए अनेक लोगों ने बताया कि यहां पर आवेदन लेकर राशि भी ले ली जाती है लेकिन रसीद नहीं दी जाती है । रसीद के लिए तीन-चार दिन बाद आने को कहा जाता है। आमजनों ने कलेक्टर का ध्यान लोक सेवा केन्द्र की मनमानी कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित कर उचित कार्यवाही की अपेक्षा जताई है।

# केवलारी मे स्टेट बैंक के एटीएम बंद पड़े, जनता परेशान

**भारतीय स्टेट बैंक शाखा केवलारी में जब से विपिन किशोर शाखा प्रबंधक ने पदभार ग्रहण किया है तब से स्टेट बैंक शाखा की कार्यप्रणाली सोसाइटियों के समान हो गई है नागरिक सेवा, धन सुरक्षा का एकमात्र अग्रणी बैंक में समस्याओं का समाधान तो नहीं हो रहा है और परेशानियों का आम नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है।**

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** स्टेट बैंक शाखा के दो एटीएम नगर में संचालित है जिसमें एक लोधी मोहल्ला वार्ड नंबर 13 में जो सिवनी शाखा के द्वारा लगाया गया है जिसकी मशीन बीते 20 दोनों से खराब है जिसे अभी तक बदलने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कोई भी रूचि नहीं दिखाई। ऐसा ही नगर शाखा के द्वारा शाखा के समीप लगाया गया एटीएम दिनांक 12 अप्रैल 2025 से मेन गेट पर ताला लगाकर रखा गया है।12.4.2025 को हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र के नागरिकों को रुपयो को निकालने के लिए परेशान होते हुए देखा गया है।







शनिवार रविवार और सोमवार लगातार तीन दिनों से भारतीय स्टेट बैंक शाखा ने एटीएम बंद करके आम नागरिको को परेशान कर रखा हुआ है।जनता कि सुविधा के लिए लाई तकनीकी से हलाकान आम नागरिको की समस्या निदान करने पर अक्षम भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी छुट्टी का आनंद ले रहे है।

# पेयजलापूर्ति समस्या के निराकरण के लिए विभिन्न विकल्पों पर हुआ मंथन



कलेक्टर सुश्री जैन ने नगरपालिका एवं बंडोल समूह नल जल योजना के इंटेकवेल तथा भीमगढ़ डेम का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

संजय सरोवर बांध के जलस्तर घटने से प्रभावित हुई सिवनी नगरीय क्षेत्र एवं बांध के पानी से संचालित हो रही ग्रामीण समूह नल जल योजनाओं की समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जल संसाधन, पीएचई, जल निगम एवं नगरपालिका सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ नगरपालिका सिवनी के इंटेकवेल सुआखेड़ा एवं ग्राम गुहना स्थित बंडोल समूह नल जल योजना के इंटेकवेल तथा भीमगढ़ डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने सिवनी नगरपालिका इंटेकवेल तक बांध के मुख्य भराव स्थल से पानी लाने के लिए चैनल बनाने, पम्प से पानी लिफ्ट करने जैसे विभिन्न विकल्पों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उक्त सम्बंध में संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने बंडोल समूह नल जल योजना के इंटेकवेल पहुँचकर जल निगम के प्रगतिरत चैनल निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने सम्पूर्ण ग्रीष्म काल में सतत पेयजलापूर्ति को ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने नगरीय क्षेत्र में तत्काल पेयजलापूर्ति के लिए बंडोल समूह नल जल योजना से नगरपालिका को पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश जल निगम एवं नगरपालिका के अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने भीमगढ़ डेम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डेम में पानी के लेवल का अवलोकन करने के साथ ही विगत वर्षों में अप्रैल माह के लेवल का अवलोकन भी किया। उन्होंने बांध के पानी से संचालित की जा रही सभी पेयजल योजनाओं के सतत क्रियान्वयन के लिए छिंदवाड़ा जिले के पेंच बांध से पानी भीमगढ़ में लाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिये जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया हैं।

### डॉ. अंबेडकर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित हुए प्रोफेसर शेन्डे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उत्तर प्रदेश की ख्यातिलब्ध संस्था बृजलोक साहित्य, कला एवं संस्कृति अकादमी, आगरा ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सिवनी जिले के पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग के प्राध्यापक सत्येन्द्र कुमार शेन्डे को डॉ आंबेडकर राष्ट्र गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है.



उच्च शिक्षा में किये जा रहे नवोन्मेषी प्रयास, शोधकार्य और साहित्य के लोकप्रिय तथा गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए प्रोफेसर शेन्डे को यह पुरस्कार दिया गया है. उल्लेख है कि प्रोफेसर शेन्डे की किताब कार्यालयीन हिंदी एवं भाषा कंप्यूटिंग मध्य प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में पढ़ाई जाती है. यह पुस्तक मध्य प्रदेश शासन के माध्यम से मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी ने प्रकाशित की है. प्रोफेसर शेन्डे की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजन, मित्रों, छात्र छात्राओं और शुभचिंतकों ने बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

# आगजनी की घटना से पीड़ित कृषक परिवार को दी गई सहायता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धार्मिक,सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों को करने वाली श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति जैतपुर कलां के सदस्यों द्वारा विगत दिवस हुई आग जनि की घटना से पीड़ित स्व. रामगोपाल बघेल के परिवार को उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए,6 माह के लगभग का अनुमानित राशन (13200 रुपए कीमत ) एवं 2 कुंटल गेहूं व 8500 रुपए नगद राशि स्व रामगोपाल की पत्नी एवं उनके बुजुर्ग पिता श्री रमेश बघेल के सुपुर्द की गई। साथ ही ग्राम में ही स्थित उदय विद्या मंदिर स्कूल के संचालक द्वारा दोनों बच्चो की 1 वर्ष की फीस माफ की गई,साथ ही थाना प्रभारी महोदय के द्वारा भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पीड़ित परिवार की मदद अन्य कोई संस्था या व्यक्ति करना चाहते हैं तो वे इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं 8349777395, 7999575784, यहां यह ज्ञात होवे कि आज घटना के 25 दिन बीत जाने के बाद भी 65 एकड़ जमीन जिन 15 कृषकों की आग के हवाले हो गई थी आज दिनांक तक कोई सहायता प्राप्त नहीं हो पाई है।

## प्रभारी कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली

**मण्डला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कोडिंग सिखाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर श्री कूमट ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व सर्वविदित है और कोडिंग एक महत्वपूर्ण कौशल है जो विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन जल्द ही इस दिशा में एक विस्तृत कार्ययोजना लेकर आएगा,

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोनखार पंचायत में तालाब घाट व कुआ की साफ सफाई एवं जल संरक्षण ली शपथ

**हरिभूमि न्यूज सोनखार।** जल है तो कल है इसी संकल्प को जीवंत करते हुए ग्राम पंचायत बाबली में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की दूरदृष्टि और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने हेतु जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, जिला पंचायत सीईओ नवजीवन पवार, एवं जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद विकासखंड केवलारी द्वारा यह अभियान प्रभावशाली ढंग से संचालित किया गया। जनपद सीईओ ओंकार ठाकुर एवं विकासखंड समन्वयक अशोक बेंद्रे के निर्देशन में ग्राम पंचायत सोनखार आयोजित इस कार्यक्रम ने ना केवल स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि सामूहिक चेतना को भी नई ऊर्जा प्रदान की।



तालाब घाट व कुआ की महाअभियान स्तर पर सफाई तालाब घाट, जो वर्षों से उपेक्षा का शिकार था, वहां आज ग्रामवासियों ने श्रमदान से इतिहास रच दिया। घाट पर फैले कूड़े-कचरे, पत्थरों और जलाशय के भीतर मौजूद गंदगी को जनसहभागिता से पूरी निष्ठा और श्रम से हटाया गया। इस स्वच्छता महाअभियान में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और ग्रामीणजन पूरी तत्परता से जुड़े रहे।

घाट परिसर की दीवारों पर जल संरक्षण के नारे लिखे गए बूँद-बूँद से सागर भरता है", "जल है तो जीवन है", "पानी बचाओ, भविष्य सजाओ"जिन्होंने पूरे ग्राम में नई चेतना का संचार किया।

## शहर में जल संकट को लेकर कांग्रेस ने आयोजित की पत्रकारवार्ता

# जो जल संकट उत्पन्न हुआ है वह सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है-कांग्रेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा जिले की समस्याओं को लेकर, जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें नगर में उत्पन्न जल संकट के संबंध में बताया कि नगर में जो जल संकट उत्पन्न हुआ है वह सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है विभाग के अधिकारियों को यह जानकारी होना चाहिये कि पेय जल के लिए कितना पानी सुरक्षित रखना है कितना पानी सिंचाई को देना है।

भाजपा के जनप्रतिनिधियों के दबाव में बालाघाट क्षेत्र को अधिक मात्रा में पानी दे दिया गया, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई है सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन खाली बांध का गेज नापकर सोशल मीडिया पर फोटो डाल रहें है इससे क्या सिवनी में पानी की समस्या हल हो जायेगी। माचागोरा डेम की नहरे यदि गुणवत्ता पूर्वक बनती तो भी पानी वहाॅ से लाया जा सकता था, अधिकारी माचागोरा डेम से पानी इस लिए भी नही छोड़ रहें है कि गुणवत्ताहीन नहरों की पोल खुल जायेगी, जिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के कारण जल संकट उत्पन्न हुआ है उन्हें




इस बात पर पूरा ध्यान लगा देना चाहिये कि जल संकट से कैसा निपटा जाये। दलसागर में लगे फाउंटेन, लाईट और साउंड का श्रेय लेने वाले सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन क्या सिवनी शहर में उत्पन्न जल संकट की जिम्मेदारी भी लेंगे। निजी स्कूलो द्वारा छात्र-छात्राओं से की जा रही फीस वसूली एवं पाठ्यसमाग्री को लेकर की जा रही मनमानी मध्यप्रदेश शासन के आदेश एवं सीबीएससी के नियमों का खुला उल्लंघन करते हुये एनसीआरटी की किताबों से अध्यापन कार्य न करते हुये प्रायवेट पब्लिकेशन की महंगी किताबों से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। किताबे कुछ चुनिदा दूकानों पर अधिक कीमतों पर बेची जा रही है।

### सड़क की चौड़ाई बढ़ना बहुत आवश्यक है

सिवनी नगर में ईश्वर नगर से लेकर जोड़ापुल तक जो सड़क का निर्माण किया जा रहा था यदि कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय होकर कार्य नही रूकवाते तो ठेकेदार अभी तक सड़क का घटिया स्तर का कार्य करके निकल जाता, इस मार्ग से सामाजिक, धार्मिक, राजनीति, अनेक जुलूस निकाले जाते है नगर में वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है जिससे आये दिन यातायात अवरूद्ध होता है उक्त सड़क की चौड़ाई बढ़ना बहुत आवश्यक है जिससे कि शहर के लोगो को यातायात की समस्या से राहत मिल सकें। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएसतिवारी, एड़ पंकज शर्मा, घनश्याम सनोडिया, राजिक अकील, पंकज बाउसकर, सुमित मिश्रा, राजेश मानाठाकुर एवं बडी संख्या में पत्रकार गण उपस्थित रहें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबासाहेब अंबेडकर की 134वी जयंती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर निकली रैली:संविधान के सिद्धांतों को अपनाने का लिया संकल्प**

संविधान निर्माता, भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव बाबासाहब अम्बेडकर की 134वीं जयंती उत्साह से मनाई गई। अंबेडकर चौक पर बड़ी संख्या में अंबेडकर अनुयायी और सर्वसमाज के लोग जुटे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।







ज्योतिबा फूले एवं आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति ने कार्यक्रम का आयोजन किया। पूज्य भंते ने आंबेडकरवादियों को त्रिशरण पंचशील ग्रहण करवाया।

सुबह 10 बजे प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद भव्य रैली निकली। रैली में गौतम बुद्ध और बाबा साहेब की जीवंत झांकी थी। डीजे की भीमगीतों पर युवाओं ने नृत्य किया। विधायक अनुभा मुंजारे ने रैली का स्वागत किया।

वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. अंबेडकर कुशल विधिवेत्ता थे। वे महान अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे।उन्होंने दलित और बौद्ध आंदोलन को नई दिशा दी। सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़े।जिला मुख्यालय के साथ तहसील और गांवों में भी जयंती मनाई गई। सामाजिक बंधुओं ने बाबा साहेब के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संविधान में दिए गए अधिकारों की जानकारी दी गई। लोगों को संविधान का पालन करने की प्रेरणा दी गई।

# संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते के नेतृत्व में संयुक्त क्रांति पार्टी की पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**11 सूत्री मांगों को लेकर 16 अप्रेल से 18अप्रेल लांजी से बालाघाट तक की होंगी पदयात्रा**

**लांजी** किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते के नेतृत्व में 11 सूत्री मांगों को लेकर 16 अप्रेल से 18अप्रेल लांजी से बालाघाट तक पदयात्रा की जानी हैं। श्री समरीते ने बताया कि भारत की राजनीति में आजादी के बाद से अब तक धर्म की राजनीति ने लगातार तरक्की की है। भारत में धर्म की राजनीति से आपसी वैमनस्यता चरम पर है। भारत की मौजूदा सरकार देश की सीमाओं की सुरक्षा एवं देश के भीतर सुरक्षा, गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर मौन है। पूरी दुनिया अविष्कार एवं बदलाव की ओर है। हम चमत्कारों के सहारे देश को आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। किशोर समरीते ने जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा समय में संयुक्त क्रांति पार्टी की यह पद यात्रा निम्न 10 मुद्दों को लेकर की जा रही हैं जिसमें पहला मुद्दा यह है कि भारत में विदर्भ, महाकौशल, विंध्य प्रदेश एवं बुंदेलखण्ड नये राज्य बनाये जावें। दूसरा मुद्दा भारत में वर्ण व्यवस्था समाप्त करने नये कानून बनाये जावें तथा मनुवाद जो सती प्रथा वर्ण एवं जाति व्यवस्था का पर्याय है, इसे आगे बढ़ाने वाली धार्मिक पुस्तक मनु स्मृति को प्रतिबंधित किया जावे। भारत में अश्लील साहित्य, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले साहित्य पर प्रतिबंध लगाने केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड की तरह एक नया बोर्ड बनाया जाना चाहिये तथा भारत में धार्मिक पुस्तक मनुस्मृति जिससे वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था तथा महिलाओं के जीवन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की है, इसे तत्काल प्रतिबंधित किया जाना चाहिये। मनुस्मृति से मनुवाद तथा मनुवाद में महिलाओं के लिये सती प्रथा तथा युद्ध के दौरान जौहर की



परम्परा में लाखों महिलाओं को जलाया गया। इसलिये मनुस्मृति को प्रतिबंधित किया जाना चाहिये। मनुस्मृति में महिलाओं के लिये आपत्तिजनक टिप्पणी है।और तीसरा मुद्दा पूरी दुनिया से रंग भेद भाषायी विवाद तथा भारत से वर्ण व्यवस्था को पूर्णतः प्रतिबंधित किये जायें। वही श्री समरीते ने चौथे मुद्दे में मध्यप्रदेश में झाबुआ, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट को नये संभाग बनाये जाने की मांग रखी।वही पांचवा मुद्दा इन तहसीलों को जिसमें म.प्र. के अंतर्गत आने वाले लांजी, बैहर, वारासिवनी, नैनपुर, पिपरिया, बीना को नये जिले बनाये जाने की मांग की है।


श्री समरीते ने छठवीं मांग रखते हुए भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में 30.7 करोड़ तथा शहरी क्षेत्रों में 44.2 प्रतिशत भूमिहीनों को जमीन देकर उन्हें भूमि का मालिक बनाया जावे। वहीं सातवीं मांग में रोजगार के बारे में श्री समरीते ने बताया कि भारत में यदि रोजगार नहीं दे सकते तो सभी छात्रों का एजुकेशन लोन माफ किए जाने की मांग रखी।

आठवीं मांग में शिक्षा को लेकर भारत से शिक्षा माफिया समाप्त कर नीजी स्कूलों की फीस निर्धारण के लिये नियामक आयोग बनाए जाने की मांग की और कोचिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाय जाने की भी मांग की।

वहीं 9वीं मांग में लांजी विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण विकास करने लांजी क्षेत्र में शासकीय राशि के दुरूपयोग की जांच की जाने की मांग की।लांजी क्षेत्र में बिजली बिल से परेशान हो रहे क्षेत्र वासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए श्री समरीते ने सरकार से गरीबों के बिजली बिल माफ किये जाने की भी मांग की है।11वीं मांग में पूर्व विधायक किशोर समरीते ने सरकार से म.प्र. के अनिवार्य सेवा में शामिल राज्य परिवहन की बसों का पुनः संचालन प्रारंभ किए जाने की भी मांग की है। जानकारी देते हुए संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने बताया कि उक्त मांगों को लेकर संयुक्त क्रांति पार्टी की पद यात्रा लांजी नगर के वार्ड नं.-7 से भारत रत्न बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा का स्वागत कर लांजी एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपकर लांजी से भानेगांव, किरनापुर, रजेगांव होते हुये बालाघाट में कलेक्टर बालाघाट को अपना मांग पत्र सौंपकर अपनी पदयात्रा समाप्त करेगी।

# ज्वैलर्स की दुकान से 3.60 लाख की चोरी : ग्राहक बनकर आए चोर ने 8 सोने की अंगूठियां चुराई, घटना सीसीटीवी में कैद

**बालाघाट**। बालाघाट के सरस्वती नगर स्थित तनु ज्वैलर्स में एक चोर ने लाखों रुपए की चोरी कर ली। आरोपी ने दुकान से करीब 37 ग्राम सोने की अंगूठियां चुरा लीं। घटना शनिवार शाम 7 बजे की है। इससे पहले शाम 5 बजे एक युवक दुकान में आया था। उसने 10 अंगूठियां खरीदने की बात कही। उस समय दुकान में इतना स्टॉक नहीं था। दुकानदार ज्वालासिंह राहंगडाले ने उसे आधे घंटे में अंगूठियां लाने का वादा किया।स्टॉक आने के बाद दुकानदार ने युवक को फोन किया।






युवक शाम 7 बजे दुकान पहुंचा। उस वक्त दुकान में कोई अन्य ग्राहक नहीं था। दुकानदार ने उसे अंगूठियां दिखाईं। युवक अंगूठियां पहनकर देख रहा था। इसी दौरान दुकानदार को घर से फोन आ गया।

फोन पर बात करने के दौरान युवक ने दोनों हाथों की 8 उंगलियों में अंगूठियां पहन लीं। फिर थूकने के बहाने बाहर निकला और बाइक पर फरार हो गया। दुकानदार उसके पीछे दौड़े, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। चोरी की गई अंगूठियों की कीमत करीब 3.60 लाख रुपए है। चोरी की पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

दुकानदार ने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है।

# जन उपभियान परिषद किरनापुर द्वारा मनाया गया डा.बाबा साहेब आम्बेडकर की जयंती

**किरनापुर** विकासखण्ड किरनापुर, अन्तर्गत प्रस्फुटन समिति बाहनगाँव में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की पूरी टिम की उपस्थिति में बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती मनाई गया।

इस अवसर पर बम्हनगांव में स्थित बाळ उधान जहाँ शिव मंदिर विद्यमान है।

उसकी साफ सफाई की गई तथा स्थान दत्रों को भ्रमण कराया गया। उसके बाद बाँध सभा मंच में जयंतीकार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रतिमा पूजन व माल्यार्पण बी सी महोदया रुचिका बैस जी द्वारा किया गया तथा सरपंच महोदय बाळचंद पाँचे द्वारा भी पूजन किया गया। उसी कड़ी में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा पूजन कर जै-पै कर के नारे लगाये गये।

साथ ही व्याख्यान माळा कार्यक्रम में वक्ताओं व्दारा व्याख्यान किया गया।

इस अवसर पर समन्वयक रुचिका बैश, शिक्षक सोनी जी, सरपंच बालचन्द पांचे जी, नवापूर संस्था हो दिनेश चोरनेले, भामचन्द संबळवार



मेंटस, जगदिश पाँचे, जितेन्द्र मांडे, राजकुमार ताण्डेकर, बाहे, महेश , पथ्यू चौरागढे समिति सदस्यविनोद चोरे कोटवार, श्यामा चौरागढे, मुख्यमंत्री सामुदायिक नक्त्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बाएँ। के उपस्थिति में कार्यक्रम समापनके प्रसादी वितरण कर किया गया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने किया सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त-गौरीशंकर बिसेन

# बाबासाहब की जयंती पर नगरपालिका ने किया अम्बेडकर मार्ग का अनावरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। नगर पालिका परिषद बालाघाट ने शहर के प्रमुख मार्गो का नामकरण करते हुए मौजूदा वित्तीय वर्ष की सामान्य सभा के दौरान परिषद में प्रस्ताव पारित किया था। संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉ. भीमराव बाबासाहब अम्बेडकर के जयंती अवसर पर शहर के अम्बेडकर चौक से हनुमान चौक तक मार्ग का नामकरण डॉं बाबा साहेब अम्बेडकर मार्ग किया गया है। 14 अप्रैल को बाबासाहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस मार्ग का नामपट्टिका लगाकर अनावरण किया गया।

बाबासाहब की जयंती पर अम्बेडकर चौक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित करते हुए मार्ग के नामपट्टिका का अनावरण किया गया। इस मौके पर सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि बाबासाहब का जीवन सही अर्थो में संघर्ष और त्याग से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने जिस प्रकार विषम परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की और



सभी को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए शिक्षित बनने के प्रति जागरूक किया है वह अविस्मरणीय है,संविधान में सभी वर्गो के उत्थान के साथ ही महिला सशक्तिकरण का प्रवपूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि संपूर्ण विश्व में बाबासाहब को नमन किया जा रहा है हम भी उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रेरणा से समाज उत्थान में योगदान अपना शत-प्रतिशत देते हुए योगदान दे सके ऐसी कामना करते है।

**महापुरूषों के नाम लेकर हम होते है गौरवान्वित-नपाध्यक्ष**

इस अवसर पर नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि जब



भी हम महापुरूषों का नाम लेते है तो हम गौरव महसूस करते है। उनके विचार हमारी चेतना में जागृत होते है उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है जिससे कि हम आगे बढ़ सके, समाज उत्थान में योगदान दें सके। इसी उद्देश्य से नगरपालिका परिषद ने मार्गो का नामकरण महापुरुषों के नाम से करने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अम्बेडकर चौक से हनुमान चौक तक मार्ग का नामकरण उनके नाम पर करते हुए नामपट्टिका का अनावरण किया जा रहा है। नपाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी संविधान निर्माता बाबासाहब के नाम से प्रेरणा ले पाये और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर पूर्व आज 14 अप्रैल 2025 को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बालाघाट में भारत देश के संविधान रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर जयंती मनाई गई जिसके बाद आम्बेडकर चौक में मुख्य समारोह में शामिल हुए जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती भारती पारधी जी (सांसद बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र), श्री गौरीशंकर बिसेन जी ( पूर्व कैबिनेट मंत्री ), श्रीमती मौसम हरिनखेडे (जिला - महामंत्री भाजपा ), श्रीमती भारती ठाकुर जी (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद), योगेश पप्पू बिसेन नपा उपाध्यक्ष,श्री सुरजीत सिंह ठाकुर जी (नगर अध्यक्ष भाजपा), श्री संजय पप्पू गौतम (जिला उपाध्यक्ष भाजपा) श्री भारत चौधरी जी (नगर महामंत्री भाजपा), श्री यशवंत लिल्हारे जी, श्री जुगलकिशोर जायसवाल जी,श्री रमाकांत डहाके जी नगर अध्यक्ष (भाजपा उत्तर मंडल), श्री शैलेंद्र संजू वराडे (नगर महामंत्री भाजपा उत्तर मंडल), श्री जैनेंद्र कटरे जी (नगर अध्यक्ष भाजयुमो), श्री राम सनेही सिंह (नगर उपाध्यक्ष भाजपा), श्री जितेंद्र सिंह राजपूत (नगर कोषाध्यक्ष भाजपा), उषा धुवारे जी, श्री विनोद दीनू बसेंने जी (नगर उपाध्यक्ष भाजपा),श्रीमती वंदना बारमाटे,मनीष नेमा (पार्षद)श्री वकील वाधवा जी (पार्षद), संगीता खगेश कावरे,संगीता छोटू थापा,रैना धीरज सुराना,श्री उज्जवल आमाडारे जी (पार्षद), श्री राजेंद्र राज हरिनखेडे (पार्षद),श्री सिद्धार्थ बाजपेई (नगर उपाध्यक्ष भाजयुमो ),श्री चेतन जाचक जी,उपस्थित रहे! मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद श्रीमती भारती पारधी, नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री मौसम हरिनखेड़े, पार्षद मनीष नेमा, नगर मंडल उ. अध्यक्ष रमाकांत डहाके, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, संजू वराड़े सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनअभियान के छात्र-छात्राओं ने हाथों में मेंहदी औऱ रंगोली बनाकर दिया जल बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

म. प्र. जनअभियान परिषद द्वारा जिला बालाघाट में 10 सी.एम. सी. एल.डी.पी. केन्द्रो संचालन किया जा रहा हैं जिसमें 1800 एम. एस. डब्लू. औऱ बी. एस. डब्लू. में सामाजिक कार्यकर्ता अध्धयनरत हैं। जिला कलेक्टर श्री मृनाल मीणा जी के निर्देशन औऱ जिला सी ई ओ श्री आशीष सराफ जी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा हैं। जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन के निर्देशन में आज सभी 10 अध्ययन केन्द्रो में योजना बनाकर जल संरक्षण पर मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। केन्द्रो में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्रा यह जल गंगा संवर्धन अभियान की ग़तिविधियां अब अपनी-अपनी प्रयोगशाला के ग्रामों में आयोजित करेंगे। इसी तारतमय में जिला समन्वयक की विशेष उपस्थिति में आज



शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय किरनापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के चलते निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई 1 साथ ही जल संरक्षण जल का विवेकपूर्ण सदुपयोग करने के लिए सपथ दिलाई गई । इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता का निरीक्षण जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस , मेंटर-जगदीश पांचे, अनिल बोपचे, राजकुमार टांडेकर, जितेंद्र मारे, कोकिला सोनी , नवांकुर संस्था से भागचंद मंडलवार , दिनेश चोरनेले एवम महेश पतले द्वारा किया गया । साथ ही कॉलेज के सभा कक्ष में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रत्येक ग्राम में सामुदायिक सहभागिता के साथ तालाबों का गहरीकरण करने, हेड पंप के आसपास की गंदगी को साफ करने , जल स्त्रोतों के पास सोख पीठ निर्माण करने, प्रत्येक ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित नारे लेखन करने पर चर्चा की गई ताकि प्रयोगशाला ग्राम में विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं का साथ लेकर नारे लेखन किया जा सके वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण एवं संवर्धन पर समुदाय में जागरूकता लाने , सामाजिक गतिशीलता को सुनिश्चित करने के लिए चौपाल, संगोष्ठी , बैठक एवम रैली आदि गतिविधि करने के लिए प्रेरित किया गया 1

# मनरेगा श्रमिक संघ के साथ ग्रामीणों ने भी ली जल संरक्षण की शपथ

**बालाघाट** ।कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निरंतर प्रयास जारी है। सोमवार को जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम भीड़ी में मनरेगा के तहत प्रगतिरत तालाब गहरीकरण में कार्यरत श्रमिकों के साथ जल संरक्षण विषय को लेकर जल स्त्रोतों के महत्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक संतोष नगपुरे ने तालाब के गहरीकरण से गांव को होने वाले संभावित लाभ से अवगत कराया। साथ ही श्रमिकों को समर्पित भाव से कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिकों संग ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। जल का समुचित उपयोग एवं व्यर्थ में बर्बाद न करने जल स्त्रोतों के संरक्षण और जनमानस को भी



जागरूक करने, प्रेरित करने और प्रोत्साहन करने का संकल्प शपथ लिया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से श्री टहल सिंह पटले जी, परामर्शदाता श्रीमती तिमेश्वरी शरणागत सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी कैलाश समरत और पर्वत समरत, ग्राम पंचायत भीड़ी से रोजगार सहायक, मनरेगा मेट, पंचगण एवं समस्त श्रमिकों सहित 50 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।